दिन—मंगलवार दिनांक— 31 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. बिहार के नये राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान दो जनवरी को शपथ लेगें।

02. बीपीएससी मुद्दे को लेकर परीक्षार्थियों का विरोध प्रदर्शन आज भी जारी। सरकार ने कहा—आयोग अपना फैसला लेने को स्वतंत्र है।

03. नये साल को लेकर पूरे प्रदेश में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर नये साल के जश्न को लेकर व्यापक तैयारी।

04. और, सर्द पछुआ हवा के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में ठंड में बढ़ोतरी। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में ठिठुरन और बढ़ने का पूर्वानुमान जताया।

———————————————————————

नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान दो जनवरी को औपचारिक रूप से बिहार के नये राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। राजभवन से प्राप्त जानकारी के अनुसार शपथ ग्रहण की तैयारियां चल रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राजभवन में नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से शिष्टाचार मुलाकात की। दौरान निवर्तमान राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर भी मौजूद थे।

———————————————————————

निवर्तमान राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर को आज औपचारिक विदाई दी गई। उन्हें केरल का राज्यपाल बनाया गया है। पटना हवाई अड्डे के स्टेट हैंगर में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें गुलदस्ता भेट किया। श्री कुमार ने श्री आर्लेकर को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, राज्य सरकार के मंत्री और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा दोबारा कराये जाने की मांगा को लेकर अभ्यर्थियों का विरोध प्रदर्शन जारी है। इस बीच विभिन्न संगठनों और राजनीतिक दलों ने आंदोलनकारी छात्रों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों पर लाठी चार्ज के विरोध में भाकपा–माले और कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आज राजभवन मार्च निकाला। जिसे पुलिस ने रोक दिया है। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली से वापस लौटते ही पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह से पिछले दिनों बीपीएससी अभ्यर्थियों के प्रदर्शन और लाठी चार्ज की घटना से जुड़ी पूरी जानकारी प्राप्त की है।

————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज बीपीएससी अभ्यर्थियों के प्रदर्शन मामले को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग कोई भी फैसला लेने के लिए स्वतंत्र है। उन्होंने कहा कि आयोग एक स्वायत इकाई है और वो छात्र हित में सही निर्णय करने के लिए सक्षम है।

———बाईट———

————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि बीपीएससी परीक्षा को लेकर प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों से बातचीत की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामलें में गंभीर है और मुख्य सचिव अभ्यर्थियों के साथ लगातार बातचीत कर रहे है। श्री पांडेय ने कहा कि छात्र हितों की अनदेखी नही हो सकती है।

———बाईट———

————————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल ने राज्य सरकार से कहा है कि बिना देर किए बीपीएससी की परीक्षा दोबारा आयोजित किए जाने की घोषणा की जानी चाहिए। राजद प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने पटना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि प्रदेश सरकार

बीपीएससी अभ्यर्थियों की मांग को अनसुना कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने अभ्यर्थियों की मांग के समर्थन में दो बार मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है लेकिन उसका कोई जबाव नही मिला है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

बिहार विधान परिषद के विधानसभा कोटे की एक रिक्त सीट के लिए उपचुनाव तेईस जनवरी को होगा। चुनाव आयोग ने कहा है कि इसके लिए अधिसूचना छह जनवरी को जारी की जायेगी। नामांकन पत्र तेरह जनवरी तक दाखिल किये जा सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर मतदान तेईस जनवरी को होगा और उसी दिन मतों की गिनती की जायेगी। विधानसभा कोटे की यह सीट राजद के सुनील कुमार सिंह की सदस्यता समाप्त होने के कारण खाली हुई है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने वर्ष दो हजार चौबीस पच्चीस के लिए विलंबित और संशोधित आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि इकतीस दिसम्बर से बढ़ाकर पन्द्रह जनवरी कर दी है। इससे करदाताओं को आयकर रिटर्न दाखिल करने और संशोधित करने के लिए दो सप्ताह का अतिक्ति समय मिल गया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया–आरबीआई ने तत्काल सकल निपटान–आरटीजीएस और राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण–एनईएफटी में एक नई सुविधा प्रदान की हैं। इसमें आरटीजीएस और एनईएफटी प्रणालियों के माध्यम से निधि अंतरण करते समय अब लाभार्थी अपने खाते के नाम देख सकेंगे।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

वर्ष दो हजार चौबीस की विदाई और वर्ष दो हजार पच्चीस के स्वागत के लिए राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में लोगों ने विशेष तैयारी की है। नये साल के स्वागत और जश्न को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इधर, प्रशासन ने भी सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं। सुरक्षा के मद्देनजर पटना में गंगा नदी में निजी नावों के परिचालन पर रोक लगा दी गई है। अपर पुलिस महानिदेशक विधि व्यवस्था पंकज कुमार दराद ने कहा कि प्रदेश के सभी प्रमुख जगहों और पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

––– बाईट––– .

हमारे जिला संवाददाताओं ने बताया कि नए साल को लेकर विभिन्न पिकनिक स्थलों और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए है। प्रशासन ने शराबबंदी को पूर्णरूप से सुनिश्चित करने के लिए भी विशेष तैयारी की है। इधर, पटना में विभिन्न होटलों, रेस्टुरेंट, उत्सव हॉल समेत विभिन्न स्थानों पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। नव वर्ष के स्वागत को लेकर उत्साह का माहौल है। लोगों ने एक जनवरी के दिन पिकनिक की तैयारी की है। इसके मद्देनजर कुम्हरार पार्क, पटना जू, तारामंडल, अटल पथ के समीप गंगा तट और अन्य पिकनिक स्थलों पर भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे है। इधर, बिहार संग्रहालय, तारामंडल, श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र, बापू टॉवर समेत विभिन्न स्थानों पर लोगों की सुविधा के लिए टिकट काउंटरों की संख्या बढ़ा दी गयी है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में वर्ष दो हजार चौबीस में भारत की उल्लेखनीय प्रगति और परिवर्तन को याद करते हुए इसे एक काव्यात्मक उत्सव का नाम दिया है। उन्होंने लिखा है मेरा भारत बढ़ रहा है। अपने भावपूर्ण संदेश में प्रधानमंत्री ने लिखा स्पेस से लेकर धरती तक, रेलवे से लेकर रनवे तक, संस्कृति से लेकर नवाचार तक भारत के लिए दो हजार चौबीस अभूतपूर्व प्रगति और परिवर्तन के वर्ष के रूप में दर्ज किया गया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पिछले दस वर्षों में मेक इन इंडिया पहल ने राष्ट्र निर्माण के प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पच्चीस सितंबर दो हजार चौदह में यह पहल शुरू की थी। इस योजना ने भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के लिए सशक्त बनाने का एक ऐतिहासिक दशक पूरा कर लिया है। एक रिपोर्ट....

———बाईट———

————————————————————————————

सर्द पछुआ हवा के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राजधानी पटना समेत राज्य के कई जिलों के अधिकतम तापमान में कमी आई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी की संभावना है, जिससे ठंड और ठिठुरन बढेगी। विभाग ने कहा है कि इस दौरान प्रदेश के उत्तर—पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने के आसार है।

———बाईट———

————————————————————————————

कैमूर जिले में राष्ट्रीय उच्चपथ संख्या दो पर समेकित चेक पोस्ट के पास एक चलती कंटेनर में भीषण आग लग गई। अग्निशमन दल ने इस आग पर काफी मुश्किल के बाद काबू पाई है। इस घटना में किसी के हताहत होने सूचना नही।

————————————————————————————

मुंगेर में सीआरपीएफ ने ग्रामीणों की सूचना पर एक छत्तीस वर्षीय बंग्लादेशी व्यक्ति को पकड़ा है। एसपी सैयद इमरान मसूद  ने बताया कि व्यक्ति की भाषा से वह बंग्लादेशी प्रतीत होता है।

————————————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी अनिल कुमार ने जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए आज समाहरणालय सभागार में वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की।

———————————————————————

बेगूसराय के हरताली चौक पर जनसुराज पार्टी की जिला इकाई ने सत्तरवीं बीपीएससी पीटी परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

———————————————————————

किशनगंज के पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने पोठिया में एक बंदी की हाजत में मौत मामले में ठाकुरगंज के सीआई और पहाड़कट्टा के थानाध्यक्ष को लाईन हाजिर किया है।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर में किसानों ने हरिनगर सुगर फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि गन्ना आपूर्ति का चालान समय पर नहीं उपलब्ध कराया जा रहा है।

———————————————————————

समस्तीपुर के मगरदही घाट चौक पर अगलगी की घटना में आधा दर्जन दुकानें जलकर राख हो गई। इस घटना में लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

———————————————————————

.01. बिहार के नये राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान दो जनवरी को शपथ लेगें।

02. बीपीएससी मुद्दे को लेकर परीक्षार्थियों का विरोध प्रदर्शन आज भी जारी। सरकार ने कहा–आयोग अपना फैसला लेने को स्वतंत्र है।

03. नये साल को लेकर पूरे प्रदेश में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर नये साल के जश्न को लेकर व्यापक तैयारी।

04. और, सर्द पछुआ हवा के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में ठंड में बढ़ोतरी। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में ठिठुरन और बढ़ने का पूर्वानुमान जताया।

———————————————————————

समाप्त